अब महंगी मिलेगी सेब की पेटी

पेपर मिलों ने बढ़ाया रेट, गत्ता उद्योग 14 को करेगा हड़ताल

अमर उजाला ब्यूरो

DE---9-02-2011

सोलन। प्रदेश के लाखों सेब बागबानों को इस बार सेब की गत्ता पेटी पिछले वर्ष की तुलना महंगी दरों पर मिलेगी। नॉर्दर्न पेपर मिलों ने कच्चे पेपर के दामों में बढ़ोतरी कर दी है। पिछले वर्ष एक सेब की पेटी 35-38 रुपये में मिलती थी, वहीं इस बार यह 45-47 रुपये तक महंगी हो सकती है। नार्दर्न पेपर मिल्स एसोसिएशन की मनमानी और कच्चे पेपर की दरें बढ़ाने के विरोध में प्रदेश गत्ता उद्योग संघ 14 फरवरी को एक दिन ही हड़ताल करेगा। यदि बात न बनी तो 21 फरवरी से दो दिन की हड़ताल की जाएगी। प्रदेश गत्ता संघ ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि वे कच्चा पेपर आयात शुल्क को सेब सीजन के दौरान 25 प्रतिशत से घटाकर 5 से 7 प्रतिशत कर दें तो इससे प्रदेश के लाखों बागबानों को लाभ मिलेगा।

प्रदेश गत्ता उद्योग संघ के अध्यक्ष जीके सरदाना की अगुवाई में सोमवार को परवाणू, काला अंब, ऊना, सोलन, पांवटा और बीबीएन गत्ता उद्योग संघ की यूनिटों की संयुक्त बैठक हुई। बैठक के बाद जीके सरदाना ने बताया कि नार्दर्न पेपर मिल्स एसोसिएशन मनमानी और धक्काशाही कर कच्चे पेपर के रेट बढ़ा रहे हैं। हाल ही में एसोसिएशन ने तीन बार रेट बढ़ा दिए हैं। प्रदेश के 250 से अधिक गत्ता उद्योग हैं जिनको प्रतिदिन पंद्रह हजार टन कच्चे पेपर की जरूरत होती है जबकि प्रदेश की पांच पेपर मिलों से प्रतिदिन 200-250 टन कच्चा पेपर तैयार होता है।

मुख्यमंत्री से कच्चे पेपर आयात पर शुल्क न्यूनतम की मांग की